www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

विषय–व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं वाणिज्यिक भूगोल

Set-C

नोट : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक के लिए 1 अंक आबंटित है।

(खण्ड-अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(i) जब दो व्यक्ति अपनी वस्तुओं और सेवाओं का ऐच्छिक आदान-प्रदान करते हैं, तो इस प्रकार के विनिमय को अर्थशास्त्र में कहते हैं :

(अ) मुद्रा विनिमय (ब) अप्रत्यक्ष विनिमय
(स) वस्तु-विनिमय (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) क्या ब्याज की दर शून्य हो सकती है ?

(अ) हाँ (ब) नहीं
(स) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए किस बजट को सर्वोत्तम माना जाता है ?

(अ) बचत का बजट (ब) लाभ का बजट
(स) घाटे का बजट (द) संतुलित बजट

(iv) एडम स्मिथ द्वारा प्रतिपादित करारोपण का सिद्धांत है :

(अ) उत्पादकता का सिद्धान्त (ब) लोच का सिद्धान्त
(स) विविधता का सिद्धान्त (द) समानता का सिद्धान्त

(v) अनवरत योजना को प्रारम्भ किया गया :

(अ) 1 अप्रैल, 1977 को (ब) 1 अप्रै, 1970 को
(स) 1 मार्च, 1970 को (द) 1 जनवरी, 1978 को

1. **खण्ड (ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) विनिमय के लिए .... पक्षों का होना आवश्यक है।

(ii) भारत में ब्याज की दर .... है।

(iii) लाभ की दर में .... पाई जाती है।

(iv) प्रत्यक्ष कर वह है जिसका अन्तिम भार उसी व्यक्ति पर पड़ता है जो उसका .... करता है।

(v) आर्थिक नियोजन संतुलित .... विकास का आधार है।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)

2. वैध बाज़ार क्या है ?
3. माँग मूल्य किसे कहते हैं ?
4. **तीन** वार्षिक योजनाएँ क्यों प्रारम्भ की गई ?
5. सह-सम्बन्ध की किन्हीं **दो** मापन विधियों के नाम लिखिए।
6. चतुर्थक विचलन से क्या आशय है ?
7. निजीकरण क्या है ?
8. तालाबों द्वारा सिंचाई के कोई **दो** दोष बताइए।
9. भारत में पहली सूती मिल कब और कहाँ स्थापित हुई ?

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

10. लाभ और ब्याज में कोई **तीन** अन्तर बताइए।
11. एकाधिकार के लक्षण बताइए। (कोई **तीन**)
12. कर की किन्हीं **तीन** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
13. माध्य विचलन की गणना विधि लिखिए।
14. दामोदर नदी 'बिहार का शोक' क्यों कहलाती है ?
15. भारत में कागज उद्योग की **तीन** समस्याएँ लिखिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है)

16. कर अपवंचन रोकने के कोई **चार** उपाय बताइए।

अथवा

"घाटे का बजट अच्छा बजट माना जाता है।" समझाइए।

17. धनात्मक तथा ऋणात्मक सह-सम्बन्ध के भेद बताइए।

अथवा

एक व्यवसायी के लिए सह-सम्बन्ध की उपयोगिता बताइए।

18. "हिमालय भारत के लिए वरदान है।" स्पष्ट कीजिए।

अथवा

"भारतीय कृषि मानसून का जुआ है।" समझाइए।

a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

19. कुल लाभ तथा वास्तविक लाभ में कोई **चार** अंतर लिखिए।

अथवा

कुल ब्याज तथा वास्तविक ब्याज में कोई **चार** अंतर लिखिए।

20. निम्न आँकड़ों से कार्ल पियर्सन का सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए :

x	:	12	4	20	8	16
y	:	8	12	20	-4	16

अथवा

निम्न आँकड़ों से स्पियरमैन का कोटि अन्तर सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए :

x	:	4	6	8	10	12	14	16	18
y	:	10	15	20	25	30	35	40	45

21. आर्थिक उदारीकरण की कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

''गैट समझौता' के कोई चार उद्देश्य लिखिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है)

22. लोहा और इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

भिलाई में इस्पात कारखाने की स्थापना के कारण बताइए।

23. ''भारत में उत्तर की अपेक्षा दक्षिण में नहरें कम हैं।'' क्यों ?

अथवा

''नहरें सिंचाई के उत्तम साधन हैं।'' समझाइए।

24. सामान्य मूल्य तथा बाजार मूल्य में कोई **पाँच** अन्तर बताइए।

अथवा

पूर्ण प्रतियोगिता एवं अपूर्ण प्रतियोगिता में कोई **पाँच** अन्तर लिखिए।

25. निम्न आँकड़ों से प्रथम एवं तृतीय चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए :

क्रमांक	:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
आकार	:	15	20	25	24	20	21	22	22	18	17	16

अथवा

निम्न आँकड़ों से प्रमाप विचलन ज्ञात कीजिए :

पद मूल्य	:	5	10	15	20	25	30	35
आवृत्ति	:	2	7	11	15	10	4	1

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 250 शब्द है)

26. विनिमय का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा इसके लक्षण बताइए।

अथवा

अर्थशास्त्र में बाजार का अर्थ बताइए तथा इसकी विशेषताएँ बताइए।

27. आर्थिक नियोजन के लाभों को समझाइए।

अथवा

आर्थिक नियोजन के उद्देश्यों को समझाइए।

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com